समाचार–प्रकाशनार्थ :–

# *निगम कर्मचारी हड़ताल, धरना, प्रदर्शन में भाग ना लें*

## *हड़ताल, धरना, प्रदर्शन में भाग लेने पर होगी अनुशासनात्मक कार्यवाही*

रतलाम 23 दिसम्बर । नगर निगम के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारियों को निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया ने निर्देशित किया है कि वर्तमान समय में स्वच्छता सवक्षण–2022 चल रहा है, रतलाम नगर को स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 में उच्च रैंकिग दिलाये जाने हेतु निगम द्वारा कठोर प्रयास किये जाना है ऐसी स्थिति में किसी भी कर्मचारी को अवकाश लाभ/हड़ताल एवं अन्य किसी धरना प्रदर्शन जैसी गतिविधि में भाग ना लें यदि कोई भी अधिकारी एवं कर्मचारी निर्देशों के विरूद्ध किसी गतिविधि में भाग लेता है तो संबंधित के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जायेगी।

निगम आयुक्त श्री झारिया ने बताया कि नगर निगम संयुक्त सफाई कर्मचारी संघर्ष समिति की विनियमितिकरण मांग के संबंध में निरंतरण परीक्षण किया जा रहा है परीक्षण उपरांत पात्र कर्मचारियों का यथाशोघ्र विनियमितिकरण किया जायेगा।

*प्रधानमंत्री आवास योजना मे निर्मित दुकानों व फ्लेट के निविदाकारों को निगम आयुक्त श्री झारिया ने दुकान व फ्लेट आवंटन के सूचना पत्र प्रदान कर मुंह मीठा कराया*

*तय समय सीमा में संपूर्ण राशि जमा कराने पर अगले कार्य दिवस में संपादित होगी रजिस्ट्री*

रतलाम 23 दिसम्बर । प्रधानमंत्री आवास योजना के एएचपी घटक के अन्तर्गत डोसीगांव में निर्मित दुकानों के ऑन लाईन विक्रय हतु आमंत्रित निविदा के माध्यम से उच्च दर वाले निविदाकारो को निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया ने आमंत्रित कर उन्हे आवंटन सूचना पत्र प्रदान किये तथा मिठाई खिलाकर मुंह मीठा करवाया।

इस अवसर पर निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया ने निविदाकारो को बताया कि उन्हे स्वीकृत निविदा राशि की 25 प्रतिशत राशि सूचना पत्र तामिली से 21 दिवस में व शेष राशि सूचना पत्र तामिली से 120 दिवस के अन्दर जमा कराना होगी। तय समय सीमा में संपूर्ण राशि जमा कराने के अगले कार्य दिवस में उनकी रजिस्ट्री अनिवार्य रूप से संपादित कराई जावेगी। उन्होने यह भो बताया कि यदि कोई निविदाकार संपूर्ण राशि तय सीमा के पहले जमा करा देता है तो उसकी रजिस्ट्री भी अगले कार्य दिवस में संपादित कराई जावेगी। स्टेट बैंक से अनिता, रवि कटारिया आईसीआईसीआई बैंक से रितू भट्ट ने इस अवसर पर निविदाकारों को ऋण उपलब्ध कराये जाने के संबंध में जानकारी दी।

निगम आयुक्त श्री झारिया ने दुकान क्रमांक ई/5 हेतु श्रीमती ममता अहिरवार, ई/8 हेतु अशोक कुमार शर्मा, एफ/4 हेतु रामप्रसाद चौहान, एस/11 हेतु गौरव शर्मा, एस/12 हेतु मनोहरलाल सोनी, एस/13 हेतु शिवनाथ बघेल, एस/14 हेतु कुलदीपसिंह पाल, एस/15 हेतु नीरज कुमार यादव, एलआईजी बी/105 हेतु मनोहरलाल सोनी व एलआईजी ए/208 हेतु राजेन्द्र कुमार बरड़े को दुकान/फ्लेट आवंटन का सूचना पत्र प्रदान किया गया।

इस अवसर पर कार्यपालन यंत्री श्री सुरेशचन्द्र व्यास, श्री जी.के. जायसवाल, सहायक यंत्री श्री श्याम सोनी, उपयंत्री श्री ब्रजेश कुशवाह सहायक वर्ग–2 श्री बी.एल. चावरे सहित निविदाकार उपस्थित थे।

*जवाहर नगर अम्बे माता मंदिर के पास आज लगेगा निगम का बकाया वसूली शिविर*

*नगर निगम द्वारा वार्ड वार बकाया वसूली शिविरो का आयोजन*

*नागरिकों ने उत्साह दिखाते हुए संपत्तिकर 6.74 लाख व जलकर 1.19 लाख की बकाया राशि जमा कराई*

रतलाम 23 दिसम्बर । नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए निगम से संबंधीत करों को जमा कराने हेतु वार्ड वार बकाया वसूली शिविर आयोजित किये गये है जो 03 मार्च 2022 तक चलेंगे।

आयोजित शिविरों में नागरिक नगर निगम की बकाया संपत्तिकरण, जलकर, दुकान, गुमटी किराया, लायसेंस शुल्क एवं विकास शाखा से संबंधित भवन की किश्त तथा भू–भाटक की बकाया राशि जमा करा सकेगें।

निगम द्वारा आयोजित शिविरों में नागरिकों ने उत्साह दिखाते हुए गांधीनगर शिविर में संपत्तिकर 3,28,822/– व जलकर 54,850/–, मालवा नगर लक्ष्मणपुरा शिविर में संपत्तिकर 1,62,575/– व जलकर 34,520/–, जवाहर नगर अम्बे माता मंदिर के पास शिविर में संपत्तिकर 1,83,312/– व जलकर 30,800/– की राशि जमा कराई।

वार्ड वार आयोजित किये गये वसूली शिविरो के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 4, 5, 6, 8 व 13 के लिये 24 दिसम्बर को अम्बे माता मंदिर जवाहर नगर, वार्ड क्रमांक 4 व 5 के लिये 27 व 28 दिसम्बर को विनोबा नगर पानी की टंकी के पास, वार्ड क्रमांक 5, 6 व 7 के लिये 29 से 30 दिसम्बर तक अलकापुरी कम्यूनिटी हॉल, वार्ड क्रमांक 9 के लिये 31 दिसम्बर को तिरूपति नगर, वार्ड क्रमांक 8 के लिये 1 जनवरी को कोमल नगर मेन रोड, वार्ड क्रमांक 5, 7 व 9 के लिये 3 से 4 जनवरी को मार्निंग स्टार स्कूल, वार्ड क्रमांक 12 के लिये 5 से 7 जनवरी तक कस्तुरबा नगर सारस्वतजी के मकान के सामने, वार्ड क्रमांक 12 के लिये 8 जनवरी को प्रियदर्शनी नगर, वार्ड क्रमांक 11 के लिये 10 से 11 जनवरी तक को डोंगरे नगर, वार्ड क्रमांक 46, 47 व 48 के लिये 12 जनवरी को हाट रोड माताजी का मंदिर, वार्ड क्रमांक 11 के लिये 13 जनवरी को कलीमी कालोनी, वार्ड क्रमांक 18 के लिये 14 जनवरी को राजेन्द्र नगर, वार्ड क्रमांक 14, 15, 46 व 48 के लिये 15 व 17 जनवरी को डॉ0 मेहरा नर्सिंग होम काटजू नगर, वार्ड क्रमांक 46 व 48 के लिये 18 जनवरी को वेदव्यास कालोनी, वार्ड क्रमांक 22 के लिये 19 जनवरी को कल्याण नगर, वार्ड क्रमांक 18, 19 व 20 के लिये 20 से 21 जनवरी तक दीनदयाल नगर, वार्ड क्रमांक 44 व 23 के लिये 22, 24 व 25 जनवरी को बोहरा बाखल, वार्ड क्रमांक 23 व 44 के लिये 27 जनवरी को रामगढ़, वार्ड क्रमांक 21 व 45 के लिये 28, 29 व 31 जनवरी को लक्कड़पीठा प्याऊ के पास, वार्ड क्रमांक 48 व 49 के लिये 1 से 3 फरवरी तक आर्य समाज मंदिर धानमण्डी, वार्ड क्रमांक 40 व 41 के लिये 4 से 5 फरवरी तक जूनी कोर्ट किरण टॉकिज, वार्ड क्रमांक 28, 29, 36, 37 व 38 के लिये 7 से 8 फरवरी तक लॉ कॉलेज आनंद कालोनी, वार्ड क्रमांक 28 के लिये 9 फरवरी को प्रताप नगर उद्यान के पास, वार्ड क्रमांक 22 के लिये 10 फरवरी को महावीर नगर, वार्ड क्रमांक 39, 40 व 41 के लिये 11 से 12 फरवरी तक पैलेस रोड तिराहा, वार्ड क्रमांक 25, 26 व 27 के लिये 14 फरवरी को चौगानिया भेरू, वार्ड क्रमांक 24, 25 व 42 के लिये 15 व 16 फरवरी को शिक्षा विभाग सायर चबुतरा, वार्ड क्रमांक 43 व 45 के लिये 17 व 19 फरवरी तक चौमुखीपुल प्याऊ के पास, वार्ड क्रमांक 41 के लिये 21 से 22 फरवरी तक बजाजखाना गणेश देवरी, वार्ड क्रमांक 33, 34 व 35 के लिये 23 व 24 फरवरी को शास्त्री नगर सेंट्रल बैंक के पास, वार्ड क्रमांक 33 व 34 के लिये 25, 26 व 28 फरवरी को दो बत्ती चौराहा, वार्ड क्रमांक 30, 31, 32 व 34 के लिये 1 से 3 मार्च तक स्टेशन रोड दिलबहार चौराहे पर कार्यालयीन समय में शिविर आयोजित किये गये है।

निगम द्वारा जारी अपील में नागरिकों से अनुरोध किया गया है कि निगम द्वारा उक्त शिविर बकायादारों की सुविधा के लिए आयोजित किये गये है इन आयोजित शिविरों में बकायादार अपनी बकाया राशि जमा कर निगम को सहयोग प्रदान करें।

समाचार / ज.सं.वि. / हेमन्त / 23.12.2021 / न.पा.निगम, रतलाम.